
दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 02 अंक :- 291 मुरादाबाद, 18 February 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने कहा- चीनी के साथ अब ग्रीन ईंधन का स्त्रोत बन रहीं यूपी की चीनी मिलें



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बीते छह वर्ष में डबल इंजन सरकार में गन्ना किसानों को 01 लाख 97 हजार करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। जल्द ही यह 2 लाख करोड़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 100 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो खरीद के 10 दिन के भीतर किसान का भुगतान कर दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चीनी उद्योग के नवाचारों की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि बीते छह वर्षों में प्रदेश की चीनी मिलों ने आधुनिकता की जो राह पकड़ी है, उससे आज यूपी की चीनी मिल, एक सामान्य चीनी उत्पादन करने वाली मिल से आगे बढ़कर %शुगर कॉम्प्लेक्स% के रूप में उभर कर आई है। एक ही परिसर में चीनी भी बन रहा, कोजन प्लांट भी है, तो ऑक्सीजन प्लांट और एथनॉल प्लांट भी है। उन्होंने कहा है कि देश में सर्वाधिक गन्ना और चीनी उत्पादन करने वाला उत्तर प्रदेश की चीनी मिलें आज प्रधानमंत्री की नीतियों को अपनाते हुए सबसे ज्यादा एथनॉल उत्पादन कर %ग्रीन एनर्जी% के स्त्रोत के रूप में पहचानी जा रही हैं। यह बदलाव हमारे किसानों की आय में वृद्धि और जीवन में समृद्धि लाने वाली हैं। मुख्यमंत्री द्वारा चीनी उद्योग के 120 वर्ष के गौरवमयी यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया, साथ ही प्रदेश के चीनी उद्योग को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। पद्मश्री मीनाक्षी सरावगी सहित कई हस्तियों को यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया। प्रदेश में चीनी उद्योग के 120 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 120 वर्ष पहले किसानों के हित को ध्यान में रखकर प्रदेश में पहला चीनी मिल तत्कालीन गोरखपुर जिले के देवरिया (प्रतापपुर) में स्थापित किया गया था। हालिया कुछ दशकों में जिस तरह चीनी मिलें बंद होती जा रहीं थीं, किसान हताश और परेशान थे, पलायन को मजबूर थे, उसने चीनी उद्योग के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन 2017 के बाद परिवेश बदला। चीनी मिलों से संवाद कर तय हुआ कि जब तक किसान का गन्ना खेत में होगा, चीनी मिलें गन्ना खरीद जारी रखेंगी और यह सुखद है कि मिलों ने ऐसा ही किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते छह वर्ष में डबल इंजन सरकार में गन्ना किसानों को 01 लाख 97 हजार करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया। जल्द ही यह 2 लाख करोड़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 100 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो खरीद के 10 दिन के भीतर किसान का भुगतान कर दे रही हैं। यह बड़ा बदलाव है, शेष मिलों को भी ऐसे ही प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज गन्ना पर्ची की समस्या नहीं है, घटतौली की शिकायतें समाप्त हो गई हैं तो गन्ना किसानों की संख्या 45 लाख से 60 लाख हो गई। गन्ने का उत्पादन भी बढ़ा है और रकबा भी। यही नहीं रिकवरी भी 11त्न से अधिक हो रही है। चीनी मिल मालिकों की उपस्थिति के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि चीनी उद्योग और सरकार के बीच गन्ना किसान है। मिलों को अपनी नीतियों के केंद्र में किसानों को रखना चाहिये। विशेष अवसर पर, कोरोना काल की चुनौतियों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने उस दौरान चीनी उद्योग के योगदान की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में उद्योग बंद थे लेकिन उत्तर प्रदेश की चीनी मिलें चल रही थीं और चीनी मिलों के सहयोग से सैनीटाइजर का रिकॉर्ड उत्पादन करते हुये 23 राज्यों में सैनिटाइजर भी उपलब्ध कराया गया। चीनी मिलों ने ऑक्सीजन प्लांट भी लगाए। संकट के समय एकजुट होकर काम किया। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने पूर्ववर्ती सरकारों में एक-एक कर बंद होती चीनी मिलों की पीड़ा को साझा करते हुए बीते 06 वर्ष में चीनी उद्योग के पुनरोद्धार के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अधिकाधिक एथनॉल प्लांट की स्थापना पर जोर दिया। कार्यक्रम में इंडियन शुगरमिल एसोसिएशन के अध्यक्ष अदित्य झुनझुनवाला ने राज्य में पहली चीनी मिल की स्थापना के 120 वर्ष पूरे होने पर सभी को बधाई दी तो चीनी और एथनॉल को लेकर स्पष्ट नीति के लिए केंद्र व राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को 20त्न तक करने का लक्ष्य रखा है। चीनी मिलें इसके लिए अपनी ओर पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने गन्ना उत्पादकता को बढ़ाने और अतिरिक्त एथनॉल पर ध्यान देने की जरूरत भी बताई, साथ ही गन्ना विज्ञानियों से गन्ने की नई प्रजाति पर शोध-अनुसंधान के लिए आग्रह किया।

## दुनिया के किसी देश में नहीं है हिंदुस्तान के PM को झुकाने की औकात, BJP के बाद कांग्रेस का सोरोस पर हमला



प्रधानमंत्री मोदी पर अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के बयान को लेकर भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी हमला बोला। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर जॉर्ज सोरोस को फटकार लगाई है। जयराम रमेश ने कहा कि PM मोदी से जुड़ा अदाणी घोटाला भारत में लोकतांत्रिक पुनरुत्थान शुरू करता है या नहीं, यह पूरी तरह कांग्रेस, विपक्ष व हमारी चुनाव प्रक्रिया पर निर्भर है।

### BJP के बाद कांग्रेस ने भी साधा जॉर्ज सोरोस पर निशाना

जयराम रमेश ने आगे कहा कि अदाणी मामले का जॉर्ज सोरोस से कोई लेना-देना नहीं है। हमारी नेहरूवादी विरासत सुनिश्चित करती है कि उन जैसे लोग हमारे चुनाव परिणाम तय नहीं कर सकते हैं। यह पूरी तरह कांग्रेस, विपक्ष व हमारी चुनाव प्रक्रिया पर निर्भर है।

### दुनिया के किसी देश में नहीं है हिंदुस्तान के PM को झुकाने की औकात

वहीं, कांग्रेस नेता (नेशनल मीडिया पैनलिस्ट, कांग्रेस) सुरेंद्र राजपूत ने भी जॉर्ज सोरोस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी साफ सुन लो, पीएम मोदी को कोई झुकाये कोई उठाये ये देखना भाजपा का काम है, लेकिन हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को झुकाने की औकात दुनिया में किसी की नहीं है। भाजपा देश के पीछे ना छुपे।

### जॉर्ज सोरोस के लिए BJP क्यों कर रही है प्रेस कॉन्फ्रेंस

इसके अलावा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि जॉर्ज सोरोस कौन हैं और भाजपा का ट्रोल मंत्रालय उन्हें समर्पित एक पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा मंत्री जी भारत की चुनावी प्रक्रिया में इजरायली एजेंसी के हस्तक्षेप पर कोई टिप्पणी? यह भारत के लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है।

### क्या है मामला

बता दें कि अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस ने पीएम मोदी पर अदाणी मामले को लेकर कई आरोप लगाए थे। जिसके बाद भाजपा ने जॉर्ज सोरोस पर हमला बोला। स्मृति ईरानी ने कहा कि जॉर्ज सोरोस जैसे व्यक्ति चाहते हैं कि एक कमजोर देश हो, जिसमें एक कमजोर सरकार हो और जो उनके दिशा-निर्देश अनुसार चले, लेकिन ये एक नया हिंदुस्तान है।

## भूकंप प्रभावित तुर्किये से सफल ऑपरेशन के बाद भारत लौटी NDRF की टीम, हिंडन एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत




नई दिल्ली- तुर्किये-सीरिया में भूकंप से अब तक 41 हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। तुर्किये की मदद के लिए भारत से भी NDRF की टीम भेजी गई थी, जो अब वापस वतन लौट आई है। बता दें कि इस टीम में डॉग स्क्वाड के सदस्य रैम्बो और हनी भी शामिल हैं। इसके अलावा 47 सदस्यीय भी हैं, जो शुक्रवार को भारत लौट आए हैं।

### 10 दिनों के सफल ऑपरेशन के बाद भारत लौटी टीम

दरअसल, 6 फरवरी को तुर्किये में भूकंप आने के 24 घंटे के भीतर भारत ने एनडीआरएफ की टीमें भेजकर तुर्किये में ऑपरेशन दोस्त शुरू किया था। तुर्किये में भूकंप के बाद पहुंची एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन के जवानों ने अपने साहसी कार्यों से कई जानें बचाईं। करीब 10 दिनों तक सफल तरीके से ऑपरेशन दोस्त चलाकर एनडीआरएफ की एक टीम शुक्रवार को भारत लौट आई है। एनडीआरएफ जवानों का पहला सी-17 ग्लोबमास्टर विमान सुबह 9=00 बजे गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पहुंचा।

### भूकंप को भेजी थी भारत ने मदद

बताते चलें कि भारत ने शक्तिशाली भूकंप से प्रभावित तुर्किये को मानवीय सहायता प्रदान की है। एनडीआरएफ के 50 से अधिक कर्मियों के साथ एक भारतीय वायु सेना का सी-17 विमान राहत सामग्री लेकर तुर्किये के लिए रवाना हुआ था। इसमें विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड के साथ आवश्यक उपकरण, चिकित्सा आपूर्ति, ड्रिलिंग मशीन समेत अन्य जरुरी सामान शामिल थे।

### NDRF टीम का एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

भारत लौटे एनडीआरएफ के जवानों का हिंडन एयरफोर्स पर एनडीआरएफ के आला अधिकारियों ने ऑपरेशन दोस्त को सफल बनाने पर जोरदार स्वागत किया। एनडीआरएफ के जवान हिंडन एयरपोर्ट से वायु सेना के अधिकारियों से मुखातिब होने के बाद गोविंदपुरम स्थित बटालियन के लिए रवाना हो गए।

### 6 फरवरी को आया था तुर्किये और सीरिया में भूकंप

बता दें कि इसी महीने 6 फरवरी को तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप ने दोनों देशों में भारी तबाही मचाई थी। जानकारी के अनुसार, इस भूकंप से अब तक 41 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, भूकंप के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट करते हुए तुर्किये और सीरिया को मदद का भरोसा दिलाया था और इसके तुरंत बाद भारत ने ऑपरेशन दोस्त की शुरूआत की थी।

## हादसे में घायल दो कांवड़ियों की हुई मौत, ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 15 शिवभक्त हुए थे घायल



शिवभक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहे थे। उसमें करीब 40 लोग सवार थे। रात करीब साढ़े नौ बजे टैक्टर-ट्रॉली मुरादाबाद-बिजनौर मार्ग पर कांठ थाना क्षेत्र में बॉर्डर के पास पहुंची तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। मुरादाबाद के कांठ थानाक्षेत्र में गुरुवार रात हुए हादसे में घायल दो कांवड़ियों की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। दोनों संभल के असमोलो थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। हादसे में घायल हुए दर्जन भर अन्य कांवड़ियों का उपचार चल रहा है। मुरादाबाद-बिजनौर बॉर्डर पर गुरुवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से यह हादसा हुआ था। हादसे में बाद डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह और एससपी हेमराज मीणा भी घटना स्थल पर पहुंचे थे। संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव जयंतीपुर से शिवभक्तों को लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली हरिद्वार में गंगाजल लेने जा रही थी। उसमें करीब 40 लोग सवार थे। रात करीब साढ़े नौ बजे टैक्टर-ट्रॉली मुरादाबाद-बिजनौर मार्ग पर कांठ थाना क्षेत्र में बॉर्डर के पास पहुंची तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में करीब 15 कांवड़िये घायल हो गए। मौके पर पहुंचे एसपी देहात संदीप कुमार मीणा और सीओ डॉ. गणेश गुप्ता ने घायलों को कांठ सीएचसी भिजवाया था। जहां से चार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया ' उपचार के दौरान देर रात सनी और पप्पू की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में घायल कुलदीप, उसकी गर्भवती पत्नी बबिता, देवेंद्र का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## राहुल ने CM विजयन को लिखी चिट्ठी, आदिवासी व्यक्ति की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग



परिवार ने आरोप लगाया है कि यह आत्महत्या का मामला नहीं था। शव पर चोट के निशान थे। विश्वनाथन के परिवार ने दावा किया था कि उस पर भीड़ ने चोरी का आरोप लगाते हुए हमला किया था।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को पत्र लिखा है। उन्होंने हाल में राज्य में संदिग्ध परिस्थितियों में एक आदिवासी व्यक्ति की मौत के संबंध में जांच कराने की मांग की है। राहुल गांधी ने कहा कि राज्य सरकार कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के पास फंदे से लटके पाए गए विश्वनाथन (46) की मौत की गंभीरता से जांच करे। पत्र में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री से मानवीय आधार पर व्यक्ति के परिवार को अनुग्रह राशि देने की अपील की है। उन्होंने मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का भी अनुरोध किया है। दरअसल, व्यक्ति 11 फरवरी को कोझिकोड में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास फंदे से लटका हुआ पाया गया था। यहां उसकी पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। इससे पहले अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे राहुल गांधी ने वायनाड में उस व्यक्ति के घर जाकर उसके परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी थी। परिवार ने आरोप लगाया है कि यह आत्महत्या का मामला नहीं था। शव पर चोट के निशान थे। विश्वनाथन के परिवार ने दावा किया था कि उस पर भीड़ ने चोरी का आरोप लगाते हुए हमला किया था।

## संपादकीय Editorial

# From live-in to murder

Live-in relationships are illegal, uncultural, through sexual exploitation and promiscuous sex. Of course, the courts have termed them as 'legal' and considered safe for the girl child in terms of domestic violence, children and financial compensation, but how dreadful and scary the reality of live-in is, it was understood from the Shraddha Tukde Tukde murder case. May go. Now becoming another Shraddha, Nikki Yadav was saved, but her life was also snatched away. In this episode also boyfriend-girlfriend and live-in relationship were present. It was not love, it was just physical attraction! What kind of love was it that alleged boyfriend Sahil Gehlot strangled his own live-in girlfriend Nikki to death! Thankfully, he could not dismember Nikki's body because he did not get time, as his marriage was fixed the very next day. It was a strange episode of love! Love affair with one girl and marriage with another…! How can such a person be sincere and serious about love and human relationships?

Actually our daughters have also been making mistakes. Parents send them out of home, family and city for studies or jobs. More or less this sexual freedom is their right too, but everything else gets left behind. The parents are not even aware of his live-in relationship. Daughters also start arguing that now she has become an 'adult', so she is legally free to take her own decisions. In the hollow charms of youth, even the parents are left behind and the daughter, without understanding anything, starts living in a live-in with an alleged lover. All the limits of relations and social beliefs are broken. Had the adult daughter been mature, then ultimately such relations would not have resulted in murder! We have seen many such examples. If there is no consent for live-in, then the barbarities of gang rape and murder come to the fore. Such 'Nirbhaya incident' resonated across the country. The public was also very angry. 'Candlestick marches' were organized on the streets and at India Gate. The law was amended by calling a special session of Parliament. Justice JS Verma and Justice Leela Seth, who were the Chief Justice of the country, had decided the draft of the new law. Sexual relations were also defined in a new way in sexual abuse, molestation, rape and summary, but justice was found in the 'Nirbhaya incident' after 7 long years. Don't know when even the case of piecemeal faith will be able to touch the threshold of justice in the court? This justice is yet to be served and the case of Nikki's inhuman murder has come to the fore.

What legal protection have the courts been claiming? If life is saved, then security will also be demanded. A dead body is a stone. Educated and independent daughter in India is not safe at all. In fact, the age of such love is also such that even daughters go astray. Although their parents must have explained that in our culture any relationship without marriage is meaningless and illegal. Live-in is a symbol of western society and culture. It is not acceptable in our society, but physical and sexual attraction, eventually, push the daughters to the brink of murder. And most of such incidents are happening in the capital Delhi, its surroundings and metropolitan cities, so now the initiative of the Parliament is necessary. The courts only follow the laws of the Parliament. Parliament should enact a strict and pro-daughter law on live-in. More or less, this provision should be made mandatory in respect of unmarried boys that if they are in a live-in relationship with someone, they cannot remarry.


# Bad addiction of cigarettes to these Bollywood actresses, despite a million attempts, could not control

Bollywood actresses make people crazy with their strong acting. People admire her beauty as well as her acting. Sometimes these actresses are also seen puffing cigarettes in films to make their character look more bold. Do you know that there are many such Bollywood actresses, who are fond of smoking cigarettes not only in reel life but also in real life or just say that they have a bad addiction to cigarette smoking. Roopa Ganguly- The first name that comes in the bad addiction of cigarette smoking is 'Draupadi' of 'Mahabharata' i.e. Roopa Ganguly. The actress played the character of 'Draupadi' in 'Mahabharata'. Rupa is very fond of smoking. Saying goodbye to the world of acting, Rupa is now trying her foot in politics. Kangana Ranaut- The Queen of Bollywood i.e. Kangana Ranaut is known for acting as well as for her impeccable style. The actress remains in the headlines of the media every day. Kangana breathes life into her character with her excellent acting. You must have seen Kangana puffing cigarettes many times in films. The actress is also addicted to smoking cigarettes in real life. Rani Mukherjee- Actress Rani Mukherjee, who has made people her admirers with her performance in the acting world, also has a bad addiction to cigarette smoking. Due to this bad habit of Rani, she was reprimanded many times from home, but she does not leave this habit. Tanuja - Bollywood actress Tanuja was considered a strong actress of the 70s. People were crazy about the beauty of the actress, but do you know that Tanuja is addicted to cigarette smoking. She was also seen smoking cigarettes publicly in front of people. Please tell that Tanuja is the mother of Kaloj and Tanisha. Tanisha Mukherjee- Like her mother Tanuja, Tanisha is also addicted to cigarette smoking. Tanisha appears less in films, but she is very fond of smoking cigarettes. Apart from Hindi cinema, the actress also appears in Tamil, Telugu, Marathi films. Tanisha has worked in films like 'Tum Milo Toh Sahi', 'Sarkar Raj', 'Be Careful'.



# Arunoday got acting fever after watching Marlo Brando's film, then made his Bollywood debut like this

Famous Bollywood actor Arunoday Singh is celebrating his birthday today i.e. on 17 February. Arunoday has done strong acting in many Bollywood films. Arunoday was born on 17 February 1983 in Rewa district of Madhya Pradesh. Arunodaya does not act, but belongs to a political family. The actor is the grandson of former Madhya Pradesh Chief Minister Arjun Singh. He made his Bollywood debut in the year 2009 with the film 'Sikander'. Arunoday has completed his studies from Kodaikanal, Tamil Nadu. After this the actor completed his graduation from Brandeis University. Arunoday initially did not want to become an actor. The ghost of acting came over his head after watching Marlo Brando's film 'Waterfront'. After watching the film, he decided to become an actor and after that he completed his acting studies from New York Acting Studio. Bollywood debut with 'Sikander' - Arunoday started his career with the 2009 film 'Sikander', in which he appeared in the role of a Kashmiri freedom fighter. After this he worked in many Bollywood films like 'Ayesha', 'Yeh Saali Zindagi', 'Jism 2', 'Main Tera Hero', Ashutosh Gowariker's film 'Mohenjodaro'. Arunoday was seen in the lead role in Vivek Agnihotri's film 'Buddha in a Traffic Jam'. In the year 2018, he worked as a supporting actor in the film 'Blackmail'. Arunoday was also seen in Ekta Kapoor's web series 'Apharan' after this.



Divorce due to dog - On December 13, 2016, Arunoday married Lee Elton. The first meeting of both took place in Goa. After which both of them got married, but after marriage the dispute between the two increased and within three years both of them separated from each other. You will be surprised to hear that the reason for the dispute between the two was the dog fight. Actually, there was a fight between Lee and Arunoday's dog. Because of which the dispute between the two kept increasing and both of them got divorced.

# Swara Bhaskar's new tweet after court marriage went viral, said- 'Now preparing for shehnai wali marriage'

Bollywood actress Swara Bhaskar remains in discussion about her statements and controversies more than her films. At the same time, now Swara has given a big shock to the fans by announcing her marriage. Tomorrow i.e. on February 16, 2023, Swara Bhaskar has



given information about her marriage by posting a post. Swara posted that she has tied the knot with politician Fahad Ahmed. On February 16, the newly married couple got married in the presence of family and friends. At the same time, now Swara has posted a new post on Twitter, in which she has shared new information about her marriage. Now preparing for the shehnai wedding – Swara Bhaskar has posted a new post on Twitter. Giving information to the fans, Swara writes in this post, 'I am blessed to have family, friends and friends who love and support me like family! I wore my mother's saree and her jewellery... Fahad Ahmed's colors and we registered our marriage under the Special Marriage Act. Now preparations are on for the shehnai wedding. This post of Swara Bhaskar is becoming increasingly viral on Twitter. The stars congratulated Swara Bhaskar – After the marriage of Swara Bhaskar and Fahad Ahmed, they are being wished fiercely on social media. Not only the fans, but also the stars are congratulating him fiercely. After the marriage of Swara Bhaskar, Bollywood actress Kangana Ranot has also congratulated her. Kangana wrote, 'You two are together, it is God's grace... Marriages happen in the heart, everything else is just a formality.' At the same time, Sonam Kapoor has also given many wishes for marriage to Swara Bhaskar.

# दिनदहाड़े खोहीर गांव में घुसा बाघ बाल बाल बचे दो महिला

**उद्यान अधिकारियों एवं वन विभाग को दिया गया जानकारी नहीं पहुंचे घटनास्थल पर**



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर-जिले के बिहारपुर चाँदनी इलाके के रिहायशी बस्ती के आसपास बाघ के विचरण करने से लोग भारी दहशत में है।हफ्ते भर के अंदर यह दूसरा मौका है जब दो महिलाएं बाघ की चपेट में आने से बाल बाल बच गई।बताया गया है कि शुक्रवार की सुबह बाघ ग्राम खोहिर के रिहायशी इलाकों में देखा गया है।बताते है कि रामगढ़ की ओर से दो महिलाएं ग्राम खोहिर आ रही थी इसी दौरान उनका सामना बाघ से हो गया।जिससे घबराई महिलाओ ने जोर जोर से चिल्लाना शुरू किया तो गांव के लोग मौके पर पँहुचे ओर शोर मचा कर बाघ को जंगल की ओर खदेड़ा तब कहीं जाकर उक्त महिलाओ की जान बची।पिछले हफ्ते ग्राम भुंडा में बाघ देखा गया था उस दिन भी एक आठ साल की बच्ची शिकार होते होते बची थी।

### वही बाघ का पीछा कर रहे हैं शिकारी

लगातार बिहारपुर के रिहायशी इलाकों में बाघ के विचरण से लोग भारी दहशत में है।रात तो रात दिन में भी बाघ की आमद रफ्त ने लोगो की मुश्किल इस कदर बढा दी है कि वे जंगल क्या गांव में भी निकलने से डरने लगे है।जिससे उनके दिनचर्या पर असर पड़ रहा है।बाघ की मौजूदगी से लोगो को जानमाल का खतरा भी मंडरा रहा है परंतु वन विभाग अथवा गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अफसर इस दिशा में फिक्रमंद नही दिखते जिससे लोगो मे खासी नाराजगी है।

### नही पकड़े गए आरोपी

अधिकारियों की लापरवाही या ध्यान न दिए जाने के कारण लोग ऐसे वन्य जीवों की हत्या भी कर देते है।पिछले दिनों इसी क्षेत्र में बाघ व तेंदुए के खाल के साथ कुछ लोगो को जबलपुर की टीम ने पकड़ा था।इस मामले का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है जबकि तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है।मुख्य आरोपी के नही पकड़े जाने से न तो उक्त वन्य जीव के नाखून आदि बरामद हुए है और न ही इस बात का खुलासा हो सका है कि उक्त वन्य जीवों की हत्या कब कहाँ ओर कैसे की गई थी।वैसे सूत्र बताते है कि इस राज पर से वन विभाग भी पर्दा नही उठाना चाहता क्योंकि मामला उजगार होने से मिलीभगत का रहस्य भी खुल जायेगा।इसलिए अधिकारी भी खामोशी में ही भलाई समझ रहे है।

# अज्ञात व्यक्ति द्वारा कांवरियों को बांटी गई बीयर, बांटते का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़ में हिंदू आस्था से बेहद खिलवाड़ करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में कांवर लेकर आ रहे हैं कांवरियों को एक युवक बियर बांटता हुआ नजर आ रहा है, बताया जा रहा है कई पेटी बियर की बाइक सवार युवक द्वारा बांटी गई हैं, वायरल वीडियो में कुछ स्थानीय लोग बीयर बांटने का विरोध करते हुए भी नजर आ रहे हैं, वीडियो में कुछ लोग यह भी कहते हुए नजर आ रहे हैं कि जबरन बीयर कांवरियों को क्यों दे रहा है, वीडियो वायरल होने के बाद करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि जल्द से जल्द आरोपी युवक गिरफ्तार होना चाहिएदर असल क्वारसी थाना इलाके के रामघाट रोड स्थित गांधी आई हॉस्पिटल के सामने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, यह वीडियो बेहद शर्मनाक करने वाला है, इस वीडियो में एक अपाचे बाइक सवार युवक रोड के किनारे रखकर रोड से गुजर रहे काबरिया को बियर की कैन बांटता हुआ नजर आ रहा है, स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि युवक आज शाम को आया था और कई सारी बियर की बेटियां कांवरियों को बांट कर स्थानीय लोगों के विरोध के बाद मौके से चला गया है,



वायरल वीडियो में आप साफ तौर पर सुन सकते हैं कि स्थानीय लोग यह भी कहते हुए नजर आ रहे हैं कि जबरन क्यों कांवरिया को बीयर बांट रहा है, हर कांवरिया को बियर देने के बाद युवक पैर छूता हुआ भी नजर आ रहा है, वीडियो वायरल होने के बाद करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र चौहान ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है, उन्होंने कहा है कि हिंदुत्व से यह बहुत बड़ा खिलवाड़ है और अमीर बनने वाले आरोपी के खिलाफ जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा,
क्षेत्राधिकारी से प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कल शाम एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक युवक काबरिया को बियर बांटता हुआ नजर आ रहा था, वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए तत्काल चौकी इंचार्ज की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,
मौके से पुलिस ने एक अपाचे बाइक भी बरामद कर ली है, बीयर बांटने वाला व्यक्ति पुलिस जांच में किशनपुर का रहने वाला बताया जा रहा है, जिस शराब के ठेके से बीयर खरीदी गई थी उसके खिलाफ भी आबकारी विभाग ने नोटिस जारी कर दिया है, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है, बहुत जल्द आरोपी की गिरफ्तारी होगी

# आंगनबाड़ी मांग मांग कर थके सरपंच, स्थानीय विधायक ने जल्द नया आंगनबाड़ी खोलने दिया आश्वासन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर-सूरजपुर जिला अन्तर्गत भारत की संभावित सबसे बड़ी ग्राम पंचायत खोहिर में पहाड़पर बसे गाँव बैजनपाठ के पंडोपारा में नहीं है आंगनबाडी केंद्र बिहारपुर-आँगनबाड़ी मांग तो कई सालों से हैं लेकिन मिल नहीं रहा,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से मांग का भी असर नहीं हुआ तो अब सरपंच ने भटगांव विधायक को आवेदन दे इसकी मांग की है।बात सूरजपुर जिला अन्तर्गत भारत की संभावित सबसे बड़ी ग्राम पंचायत खोहिर में पहाड़पर बसे गाँव बैजनपाठ के पंडोपारा की है जहां आंगनबाडी केंद्र नहीं है और इसकी मांग करते करते सरपंच थक गए हैं।उन्होंने यहां प्राथमिक शाला खोलने की मांग उनसे की गौरतलब है कि बैजनपाठ पहाड़ पर बसा गांव है जो कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है,इन्हीं समस्याओं में पंडोपारा में आंगनबाड़ी केंद्र का न होना है जो है तो छोटी सी बात लेकिन शासन प्रशासन ने इसे बहुत बड़ा बना दिया है।सालों से इसकी मांग के बावजूद इस गॉव में नया केंद्र खुलने का नाम नहीं ले रहा है,सीएम के भेंट मुलाकात में मांग की,शासन को लिखा,प्रशासन को अवगत कराया, इनसे मांग मांग कर थकने के बाद सरपंच ने अब स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव से आंगनबाड़ी केंद्र की मांग की है।ग्राम पंचायत खोहिर के सरपंच फुलसाय पंडो आज पारसनाथ राजवाड़े के गृह निवास गए और पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए आवेदन दिया।उन्होंने विधायक को बताया कि पण्डो पारा के 0 से लेकर 5 साल तक के बच्चे एवं



शिशुवति महिलाएं फिलहाल बैजनपाठ में संचालित आगनबाड़ी केन्द्र में दो से तीन किलोमीटर पैदल चलकर लाभान्वित हो रहे हैं।दूरी और बरसात के मौसम के हिसाब से बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। इस पंडोपारा में लगभग 40 बच्चे और लगभग 13 गर्भवती / शिशुवती माताएं है जिन्हें दूसरे मोहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्र जाना पड़ता है।इसी तरह 5 साल के उपर के बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा के लिए भी 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलकर जाते हैं इनके लिए भी समस्या बनी रहती है और यहां पर प्राथमिक स्कूल खोला जाना चाहिए।संसदीय सचिव को आवेदन देने के बाद सरपंच ने बताया कि संसदीय सचिव ने उनकी मांग के बाद जिले के किसी अधिकारी से बात की और आश्वस्त किया है कि शीघ्र आंगनबाड़ी और स्कूल खुलेंगे।बरहाल यहां में सरपंच आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने लंबे समय से परेशान हैं,अब तक उन्हें कहीं से राहत नहीं मिली है,अब देखना होगा कि संसदीय सचिव से फरियाद कितनी कारगर होती है।

### भुंडा में बच्चे जाते हैं 8 किलोमीटर दूर लुल्ह

सरपंच ने संसदीय सचिव को बताया कि इससे भी ज्यादा कठिनाई वाली स्थिति भुंडा की है जहां आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है।यहां के बच्चों और शिशुवती व गर्भवती माताओं को लगभग आठ किलोमीटर पैदल चलकर लुल्ह आना पड़ता है।घनघोर जंगल के कारण जंगली जानवरों का डर बना रहता है,इतनी दूर आने के डर से कई बार वे योजना से वंचित हो जाते हैं।यहां भी केंद्र खोलने वे कई बार मांग कर चुके हैं,पूर्व में यह बताया भी गया था कि शासन को प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन आज तक केंद्र नहीं खुला।

### अब तक किसी को नहीं आई मासूम बच्चों पर रहम

भुंडा हो या बैजनपाठ का पंडोपारा, दोनों ही जगह आंगनबाड़ी केंद्र न होने के कारण मासूम बच्चों के साथ शिशुवती माताओं को योजनाओं का लाभ लेने कई कई किलोमीटर दूर पैदल चलना होता है।सीएम हो या जिले के अधिकारी व अन्य,सबके आंगनबाडी की मांग हो चुकी है लेकिन बच्चों व शिशुवती माताओं की स्थिति देखते हुए भी किसी को उन पर अब तक रहम नहीं आई है। जल्द ही पहल की जाएगी--- विधायक-- भुंडा के बच्चे गांव में आंगनबाड़ी केंद्र ना होने पर 7-8 किलोमीटर दूर जाते हैं ऐसी जानकारी मिली है। वहां जल्दी ही केंद्र खोला जा सके इस बारे में महिला बाल विकास अधिकारी से बात कर अवगत कराया गया है और इस मामले पर जल्दी ही पहल किया जाएगा।

# भारतीय किसान यूनियन का तहसील सभागार में बैठक कर उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती तहसील सभागार भिनगा मेंभारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत की बैठक किया गया जिसमें तहसील अध्यक्ष हरिद्वार प्रसाद यादव जिला अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष विजय शुक्ला पवन कुमार मालिक राम यादव द्वारा किसान यूनियन की पंचायत का संचालन कर ब्लाक हरिहरपुर रानी और ब्लॉक सिरसिया के कुछ ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श किया और ग्राम सभा भंगही के मौजूदा प्रधान लक्ष्मी शरण यादव द्वारा रास्ता बंद किया गया था उसका भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से एसडीएम भिनगा को ज्ञापन सौंपा गया । आम जनमानस की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि बंद रास्ते को अगर नहीं खुलवाया गया तो अनिश्चितकालीन धरना किया जाएगा।

# 900 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक राम पाल यादव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मय हमराह व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास सूचना पर पिलर सं0 640/9 के पास नेपाल भारत बार्डर पर अन्दर भारत वहदग्राम ककरदरी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती से अभियुक्तगण 1.इबरार अहमद पुत्र हनीफ अहमद 2.सुरेश पुत्र स्व0 अनन्त राम निवासीगण फतेहपुर बडका दा0 जमुनहा भवनियापुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को क्रमशः 600 ग्राम व 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के विरूध्द थाना मल्हीपुर पर मुकदमा एन0डी0पी0एस0 एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया/

# महाशिवरात्रि में सारासोर व शिवपुर मंदिर में रहेगा सूरजपुर पुलिस की कड़ी सुरक्षा, सादी वर्दी में रहेगी पुलिस की निगरानी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर- चौकी चेन्द्रा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित पवित्र धार्मिक स्थल सारासोर व प्रतापपुर स्थित शिवपुर स्थित मंदिर में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में लोग जलाभिषेक करते है और मेला में खरीदारी करते है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) ने मंदिर परिसर एवं मेला स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए है। आमजनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पार्किंग स्थल पर वाहनों को रूकवाने, चिकित्सीय सहायता के लिए



डॉक्टर की टीम, पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी तथा प्रशिक्षित गोताखोर की व्यवस्था रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने महाशिवरात्री पर्व पर लगने वाले मेला के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर समिति व गणमान्य नागरिकों की बैठक लेने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरूवार को एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी व एसडीएम भैयाथान सागर सिंह तथा एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह व एसडीएम प्रतापपुर दीपिका सिंह ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मंदिर परिसर तथा मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जायेगी, किसी प्रकार की भगदड़ से बचने के लिए कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करने, संदिग्धों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी के लिए पुलिस के अधिकारी व जवान सादी वर्दी में तैनात रहेंगे। सारासोर पवित्र धार्मिक स्थल के साथ ही पर्यटन स्थल भी है जहां लोग पूजा अर्चना के अलावे पर्यटन स्थल का सैर भी करते है ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा को दृष्टिगत् रखते हुए खतरनाक स्थानों एवं गहरे पानी की ओर कोई न जाए इसके लिए चौकी प्रभारी को पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। शिवपुर मंदिर में जिले सहित दूसरे जिले व प्रांतों से भी लोग जलाभिषेक के लिए पहुंचते है। इस दौरान चौकी प्रभारी चेन्द्रा लवकुमार पाण्डेय, तहसीलदार भटगांव अमित केरकेट्टा, सारासोर मंदिर समिति के अध्यक्ष नवल साय राजवाड़े, मुकेश अग्रवाल व गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे। सभी प्रमुख शिवालयों में पुलिस के अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। शिवभक्तों के सबसे बड़े पर्व महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां कर ली गई है।